सं0—3749/69.1.2000—27 (सा)/2000

प्रेषक,

श्री एस0 आर0 लाखा
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त परियोजना निदेशक/
परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग, लखनऊः दिनाँक—29 सितम्बर, 2000

विषयः— जनसंख्या जागरूकता सप्ताह 16—22 अक्टूबर, 2000 मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने जुलाई, 2000 में उत्तर प्रदेश जनसंख्या नीति की घोषणा की है। उक्त नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम को जनआन्दोलन में बदलने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 16 से 22 अक्टूबर, 2000 जनसंख्या सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। जनसंख्या सप्ताह में सम्पादित कराई जाने वाली गतिविधियों से पूर्व में ही समस्त जिलाधिकारियों को शासन द्वारा विस्तृत दिशा—निर्देश भेजे गये हैं। गतिविधियों का एक संक्षिप्त विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

जनसंख्या सप्ताह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा भी दि0 27.09.2000 को एक बैठक कराई गई तथा इसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये। आपसे अपेक्षा है कि तत्काल जिलाधिकारी से सम्पर्क कर जनपद स्तर पर उपलब्ध सभी संसाधनों के साथ जनसंख्या सप्ताह के कार्यक्रमों में अपने विभाग का पूर्ण योगदान करेंगे। सप्ताह के दौरान जिन कार्यक्रमों में आपका विशेष योगदान होगा, उसके सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

मुझे विश्वास है कि आपकी सहभागिता और आपके सक्रिय प्रयासों से हम प्रदेश में परिवार कल्याण कार्यक्रम को एक जन आन्दोलन में बदलने में सफलता प्राप्त करेंगे।

भवदीय

(एस0आर0 लाखा)
सचिव

सं0—3749/69.1.2000—27 (सा) तद्दिनांक :
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, सिफ्सा, लखनऊ।
4. सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(एस0आर0 लाखा)
सचिव

जनसंख्या सप्ताह (16 से 22 अक्टूबर 2000)

नगर विकास विभाग एवं सूडा की जिम्मेदारी :–

1. दिनांक 17/10/2000 को सभी जनपदों के नगरीय क्षेत्र (विशेष रूप से मलिन बस्तियों) में ''बहु–बेगम सम्मेलन'' कराये जायेंगे।

सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य

- नव विवाहित युवतियों को परिवार कल्याण तथा जनसंख्या स्थायित्व से जुड़े विषयों की जानकारी देना।
- अल्पसंख्यक समुदायों की मलिन बस्तियों की महिलाओं को विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित करना।
- मलिन बस्तियों की महिलाओं को आपसी विचार विमर्श एवं खुली चर्चा करने का अवसर देना।
- मलिन बस्तियों की महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण।
- मलिन बस्तियों की महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण इत्यादि की विशेष व्यवस्था करना।

2. 21/10/2000 को सभी जनपदों के नगरीय क्षेत्र में एक विशाल परिवार कल्याण शिविर आयोजित किया जायेगा।

- डूडा के माध्यम से इच्छुक लाभार्थियों को शिविर की जानकारी देना।
- डूडा से सम्बन्धित **''सामुदायिक विकास समितियो के''** इच्छुक लाभार्थियों को प्रेरित कर नसबन्दी शिविर में लाना तथा अन्य व्यवस्थाओं में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करना।
- विशिष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को जिलाधिकारी की ओर से पुरूस्कृत करना।